प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रवासी भारतीय दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर के जनता मैदान में आज 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन भारतीय मूल के लोगों को एक—दूसरे से जुड़ने का एक मंच प्रदान करता है। पचास से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंजीकरण करवाए हैं। इस सम्मेलन का विषय है—विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल सम्म्लेन के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज शाम भुवनेश्वर पहुंचेगी।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में आय साधन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार स्टांप डयूटी बढ़ाने पर भी कोई फैसला ले सकती है। इसके अलावा मंत्रिमंडल राज्य में स्पेशल टॉस्क फोर्स के गठन के नाम पर भी चर्चा कर सकता है। कैबिनेट में नए पदों के सृजन व भर्तियों पर भी अहम फैसले लिए जाने की उम्मीद है।

अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के दो विशेष गीतों का लोकार्पण किया। आकाशवाणी की विशेष संगीत रचना और गीतात्मक प्रस्तुति महाकुंभ के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व का परिचायक है। इस गीत को रतन प्रसन्ना ने गाया है और संगीत संतोष नाहर और रतन प्रसन्ना का है। आकाशवाणी की मधुर प्रस्तुति में महाकुंभ की शाश्वत परंपराओं और पवित्रता के महात्म्य को व्यक्त किया गया है।

महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में हो रहा है।

कार्निवाल

दस दिवसीय शिमला विंटर कार्निवल कल संपन्न हो गया। कार्यक्रम की कल अंतिम सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश पुलिस बैंड हॉर्मनी ऑफ द पाइन्स और बॉलिवुड गायक अरविंद सिंह राजपूत ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। समापन्न समोरह में शिमला के विधायक हरिश जनार्था बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिमला नगर निगम को बधाई दी। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी का शीर्षक है–ऊना में एक और क्रशर मालिक को फिरौती की धमकी पंजाब पुलिस की छापामारी, हिमाचल अभी खामोश।

दैनिक भास्कर के शब्द है– सीएम ने दुर्गम क्षेत्र क्वार से मरीज को एयरलिफट कर आईजीएमसी शिमला पहुंचाया– हालत स्थिर। जबकि दैनिक जागरण ने लिखा है– बीमार कर्मचारी की मदद के लिए सुक्खू ने भेजा हेलीकाप्टर ।

अमर उजाला ने कोर्ट के एक फैसले को सुर्खी दी है– आउटसोर्स भर्तियों पर रोक जारी रहेगी, सरकार की अर्जी खारिज।

––––––––––––––––––––––––––––––––